सुक सनकादि भगत मुनि नारद । जे मुनिबर बिग्यान बिसारद ।।
सुक सनकादि सिद्ध मुनि जोगी । नाम प्रसाद ब्रह्मसुख भोगी ।।
पूछिहुँ राम कथा अति पावनि । सुक सनकादि संभु मन भावनि ।।
|| मानस शुकतीरथ || Ram Katha 977- Shuktal || ❊मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 291 | इंदौर, शुक्रवार 08 मई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## बंगाल में आज हो सकता है सीएम के नाम का एलान, दोपहर बाद विधायक दल की बैठक; अमित शाह रहेंगे मौजूद



**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल के 2026 के विधानसभा में चुनाव प्रचंड जीत मिलने के बाद आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक दल की बैठक होगी। इस बैठक में राज्य के अगले मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहेंगे।

गृह मंत्री अमित शाह पर्यवेक्षक के रूप में आज नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी सह-पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहेंगे। पार्टी के सूत्रों के मुताबिक, बैठक कोलकाता के विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में शाम चार बजे होगी। इसी बैटख में विधायक दल का नेता चुना जाएगा, जो राज्य का नया मुख्यमंत्री बनेगा।

### कल परेड ग्राउंड में शपथ ग्रहण

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने बुधवार को घोषणा की थी कि राज्य में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह नौ मई को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया था कि यह कार्यक्रम कोलकाता के प्रतिष्ठित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, शपथ समारोह में प्रधानमंत्री, एनडीए व भाजपा के सभी मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। दो दर्जन मंत्री भी शपथ लेंगे।

### बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे

पशिचम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में मतदान के बाद चार मई को मतों की मतगणना हुई। जिसमें तृणमूल कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ ही राज्य में तृणमूल कांग्रेस के 15 साल लंबे शासन का अंत हो गया। आंकड़ों की बात करें तो टीएमसी को मात्र 80 सीटें मिली हैं, जबकि पिछले चुनाव में पार्टी ने अकेले 215 सीटों हासिल की थी। जबकि भाजपा जिसे पिछले चुनाव में मात्र 77 सीटें मिली थी, उसने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 207 सीटों पर कब्जा जमाया है।

## बंगाल के बाद तमिलनाडु में लगी इस्तीफों की झड़ी

● 100 से अधिक अधिकारियों ने छोड़ी नौकरी

**तमिलनाडु, (एजेंसी)** तमिलनाडु में नई सरकार के गठन को लेकर जारी अनिश्चितता के बीच एक बड़ा प्रशासनिक घटनाक्रम सामने आया है। राज्य सरकार की पैरवी करने वाले 100 से अधिक विधि अधिकारियों ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। आपको बता दें कि इससे पहले पश्चिम बंगाल में भी कई अधिकारियों ने अपनी नौकरी छोड़ दी थी। वहां तृणमूल कांग्रेस को बेदखल कर भारतीय जनता पार्टी पहली बार सत्ता में आई है। तमिलनाडु में एडवोकेट जनरल पी.एस. रमन के नेतृत्व वाले इन अधिकारियों ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। दरअसल, सरकारी वकीलों और विधि अधिकारियों की नियुक्तियां काफी हद तक राजनीतिक होती हैं। परंपरा के अनुसार, जब भी राज्य में सत्ता परिवर्तन होता है या नई सरकार आने वाली होती है तो पिछली सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी पद छोड़ देते हैं ताकि नई सरकार अपनी पसंद के वकीलों को नियुक्त कर सके। इस्तीफे के बावजूद, इन अधिकारियों को एक सप्ताह और पद पर बने रहने का निर्देश दिया गया है। सरकार नहीं चाहती कि अदालत में राज्य का पक्ष रखने वाला कोई न हो। सामान्य तौर पर नई सरकार अंतरिम व्यवस्था के तौर पर तीन-चार वकीलों की नियुक्ति करती है, लेकिन विजय की पार्टी (TVK) की सरकार बनने पर मचे सस्पेंस के कारण अभी तक ऐसी कोई नियुक्ति नहीं हुई है।

●सीएम ढाई साल का कार्यकाल पूरा होने पर

# मंत्रियों और विभागों से अब तक हुए काम का हिसाब लेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ढाई साल का कार्यकाल पूरा होने पर मंत्रियों और विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव से अब तक हुए काम का हिसाब लेंगे। साथ ही आगामी एक्शन प्लान पूछा जाएगा। इसको लेकर मुख्यमंत्री सचिवालय ने 45 सूत्रीय एजेंडा तय कर दिया है और विभागों को इसकी जानकारी दी गई है। अब सरकार की प्राथमिकता को लेकर 8 मई से 10 मई तक बैठकों के माध्यम से विभागवार चर्चा की जाएगी।**



मुख्यमंत्री राजस्व एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्रियों और अफसरों से 'स्वामित्व योजना' की प्रगति का हिसाब लेंगे। योजना में ग्रामीण क्षेत्र में निशुल्क रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर करने और प्रधानमंत्री के माध्यम से 50 लाख पट्टों का सिंगल क्लिक वितरण करने का बड़ा निर्णय लिया जाना है। इसके अलावा अभियान चलाकर ग्राम पंचायतों में नई आबादी भूमि का चिन्हांकन किया जाएगा और उसे आबादी भूमि घोषित किया जाएगा। साथ ही 'नर्मदा समग्र मिशन' के लिए एक विशेष सेल गठित करने और आबादी भूमि घोषित करने की प्रक्रिया को सरल बनाने की प्लानिंग पर चर्चा होगी। तकनीकी शिक्षा और कौशल विभाग की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा प्रशासनिक बदलाव करने की तैयारी है। इसके लिए RGPV को तीन विश्वविद्यालयों में विभाजित किया जाएगा। यह भोपाल, उज्जैन और जबलपुर में संचालित किए जाने की तैयारी है। इसी तरह मेडिकल यूनिवर्सिटी को भी तीन भागों में विभाजित करने की प्लानिंग सरकार ने की है। यह विश्वविद्यालय भोपाल, उज्जैन, जबलपुर में खोले जाएंगे। इसके अलावा, सांदीपनि विद्यालयों के भवनों का उपयोग दोपहर की शिफ्ट में महाविद्यालयों के संचालन के रूप में होगा। इसके लिए स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग समन्वय करेंगे। साथ ही इन विद्यालय भवनों का उपयोग कोचिंग और स्किल सेंटर के रूप में करने की कार्ययोजना पर सीएम रिपोर्ट लेंगे।

### इन मुद्दों पर भी रहेगा सरकार का फोकस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 8 से 10 मई तक होने वाली विभागवार समीक्षा बैठकों में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। सरकार आगामी ढाई साल के रोडमैप के तहत प्रशासनिक सुधार, कृषि, शिक्षा, रोजगार, शहरी विकास और बुनियादी सुविधाओं को लेकर बड़े निर्णयों की तैयारी कर रही है।ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता को लेकर मुख्यमंत्री जिलेवार ग्राम पंचायतों की समीक्षा करेंगे। वहीं कृषि विभाग के साथ मंडी शुल्क में कमी और किसानों को राहत देने के प्रस्तावों पर चर्चा होगी। सरकार पहले ही मंडी शुल्क दो रुपए से घटाकर एक रुपए कर चुकी है। अब कपास पर लगने वाले मंडी शुल्क को भी महाराष्ट्र की तर्ज पर कम करने की तैयारी है। वर्तमान में प्रदेश में कपास पर एक रुपए शुल्क लिया जा रहा है, जबकि महाराष्ट्र में यह 55 पैसे है। बैठक में केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना से जुड़े युवाओं को मध्यप्रदेश की सरकारी भर्तियों में आरक्षण देने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। पुलिस और सामान्य प्रशासन विभाग में होने वाली नियुक्तियों में इस व्यवस्था को लागू करने पर चर्चा होगी। शिक्षा क्षेत्र में भी बड़े बदलाव की तैयारी है। सरकार प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित अलग-अलग स्कूलों को स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन लाने पर नीतिगत निर्णय ले सकती है। एससी, एसटी, श्रम, पंचायत और सामाजिक कल्याण विभागों के स्कूलों को एकीकृत करने की दिशा में चर्चा होगी।

# इंदौर के पूर्व कांग्रेस विधायक अश्विनी जोशी का निधन

## लंबे समय से थे बीमार, पूर्व मंत्री महेश जोशी के भतीजे थे अश्विन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर की राजनीति के दिग्गज और कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे पूर्व विधायक अश्विनी जोशी का शुक्रवार को निधन हो गया। वे 66 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार जोशी पिछले कुछ समय से सांस लेने में तकलीफ और पैरों की बीमारी से जूझ रहे थे। उनका इलाज चल रहा था। वहीं आज सुबह उन्हें दिल का



दौरा पड़ा था। जोशी के निधन की खबर आते ही शहर के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई है।अश्विन जोशी पूर्व मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता महेश जोशी के भतीजे थे। जोशी परिवार का इंदौर की राजनीति में दशकों से बड़ा प्रभाव रहा है। अश्विनी जोशी ने इंदौर के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-3 का प्रतिनिधित्व किया था। वह तीन बार विधायक रहे हैं। अपने कार्यकाल के दौरान वे अपनी बेबाक कार्यशैली और जनता के बीच सक्रियता के लिए जाने जाते थे। सक्रिय राजनीति में रहते हुए उन्होंने संगठन और क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। पारिवार से मिली जानकारी के अनुसार अश्विन जोशी को सुबह 8 बजे हार्टअटैक आया था, परिजन तत्काल शेल्बी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉ अजय पारिख की टीम ने जोशी को बचाने की काफ़ी कोशिश की, लेकिन जोशी का हार्ट रिकवरी नहीं कर पाया और उनका निधन हो गया।

# बिना वैध पंजीयन एवं गंदगी में संचालित कुल्फी निर्माण इकाई पर बड़ी कार्रवाई

## दो दिनों में विभिन्न प्रतिष्ठानों से 29 नमूने लिए गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्प्र)

इंदौर। शहर में खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं अस्वच्छ परिस्थितियों में निर्माण और विक्रय के खिलाफ खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार 6 एवं 7 मई 2026 को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कुल 29 खाद्य नमूने जांच हेतु लिए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने धार रोड स्थित माँ इंटरप्राइजेज पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रोपराइटर विष्णु सुथार परिसर में कुल्फी निर्माण कार्य संचालित करते पाए गए। मौके पर "बॉम्बे चौपाटी" ब्रांड के विभिन्न फ्लेवर की आइसक्रीम एवं फ्रोजन डेजर्ट को कोल्ड रूम में संग्रहित पाया गया। जांच के दौरान प्रतिष्ठान द्वारा कोई वैध खाद्य लाइसेंस या पंजीयन प्रस्तुत नहीं किया गया। खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा पुराने पते का पंजीयन दिखाया गया, जो केवल स्टोरेज के लिए मान्य था, जबकि वर्तमान परिसर में निर्माण, ट्रेडिंग और स्टोरेज तीनों गतिविधियां संचालित हो रही थीं।



निरीक्षण में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। फूड हैंडलर्स बिना कैप, एप्रोन और ग्लव्स के कार्य करते मिले। निर्माण स्थल पर गंदगी पाई गई तथा मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं थे। कुल्फी के सांचे फर्श पर रखकर निर्माण कार्य किया जा रहा था और कच्चा माल खुले एवं अव्यवस्थित रूप से रखा गया था। मौके से कुल्फी एवं फ्रोजन डेजर्ट के कुल 8 नमूने जांच हेतु लिए गए। बिना वैध लाइसेंस खाद्य कारोबार संचालित किए जाने पर प्रारंभिक प्रकरण दर्ज कर परिसर में खाद्य कारोबार तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि वैध पंजीयन एवं आवश्यक स्वच्छता मानकों की पूर्ति के बाद ही संचालन की अनुमति दी जाएगी।

### आइस कैंडी एवं फ्रोजन डेजर्ट इकाई की जांच

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बियाबानी धार रोड स्थित पंकज आइस कैंडी का भी निरीक्षण किया। यहां विभिन्न प्रकार की आइस कैंडी एवं फ्रोजन डेजर्ट का निर्माण पाया गया। जांच के लिए आइस कैंडी के 3 और फ्रोजन डेजर्ट के 2 नमूने, कुल 5 नमूने लिए गए।

### शिकायतों के आधार पर कार्रवाई

कलेक्टर हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत के आधार पर राधिका फरियाली एंड सैंडविच का निरीक्षण किया गया। मौके पर गोपाल प्रजापत प्रभारी के रूप में उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई एवं पेस्ट कंट्रोल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए तथा साबूदाना खिचड़ी का एक नमूना जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। इसी प्रकार शिकायत मिलने पर श्री साईं डोसा भवन का निरीक्षण किया गया। यहां इडली एवं चटनी के दो नमूने जांच हेतु लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए।

खाद्य विभाग की टीम द्वारा रूटीन जांच एवं शिकायतों के आधार पर भी विभिन्न प्रतिष्ठानों से नमूने लिए गए। चाइनीज वोक से सॉस एवं पनीर के 2 नमूने लिए गए। एशिया 7 से हक्का नूडल्स का नमूना लिया गया। निरीक्षण में वेज एवं नॉनवेज खाद्य पदार्थों का पृथक भंडारण नहीं पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। मोम स्टेशन जूस से पाइनएप्पल एवं मिक्स फ्रूट जूस के 2 नमूने लिए गए। उपभोक्ता शिकायत पर ब्लिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड विजय नगर का निरीक्षण कर गंगवाल सूजी एवं गंगवाल मैदा के 2 नमूने लिए गए। Samosa.nic से चटपटा समोसा का 1 नमूना लिया गया। 6 मई 2026 को खाद्य सुरक्षा विभाग ने फ्रायो डीप से फ्रोजन डेजर्ट प्रीमिक्स पाउडर, चॉकलेट वर्मीसेली एवं ग्रीक योगर्ट के 3 नमूने लिए गए। डॉक्टर जोश से पाइनएप्पल जूस एवं सैंडविच के 2 नमूने जांच हेतु लिए गए। खाद्य विभाग की टीम द्वारा पालदा स्थित क्वालिटी केला कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण भी किया गया। जांच के दौरान फलों को पकाने के लिए अनुमत रसायनों का उपयोग पाया गया। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

---

### कैट चौराहे पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

# 2745 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्प्र)

**इंदौर। कैट चौराहा स्थित मोक्ष ट्रेडर्स पर गुरुवार को नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2745 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की। कार्रवाई के दौरान जब दुकान संचालक ने ताला खोलने से इनकार कर दिया और चाबी नहीं होने का बहाना बनाया, तो निगम टीम ने आरी से ताला कटवाकर अंदर प्रवेश किया।**

यह कार्रवाई जोन क्रमांक-21 के वार्ड क्रमांक-79 में स्थित फैमिली कलेक्शन (मोक्ष ट्रेडर्स) पर की गई। कार्रवाई अपर आयुक्त प्रखर सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी अवधनारायण सिंह के नेतृत्व में हुई।

नगर निगम अधिकारियों को सूचना मिली थी कि दुकान में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन का भंडारण किया गया है। टीम ने मौके पर दबिश दी, लेकिन संचालक ने सहयोग नहीं किया। इसके बाद पंचनामा बनाकर आरी से ताला कटवाया गया। तलाशी के दौरान 2745 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपए बताई जा रही है। जब्त की गई पॉलीथिन को कार्रवाई के बाद नेप्रा प्लांट भेजा गया। निगम टीम ने मोक्ष ट्रेडर्स को सील करते हुए एक लाख रुपए की पेनल्टी भी लगाई है। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी अवधनारायण सिंह, सीएसआई विजय यादव, एसीएसआई रवि सिंह, वार्ड सहायक दरोगा मिंटू कल्याणे सहित निगम की टीम मौके पर मौजूद रही।

---

# अवैध शराब सहित दो वाहन जब्त, दो प्रकरण दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्प्र)

**इंदौर।** शहर अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बुधवार को दो अलग-अलग कार्रवाइयों में बड़ी मात्रा में शराब और दोपहिया वाहन जब्त किए। कार्रवाई कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशन में की गई। कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में वृत्त आंतरिक क्षेत्र क्रमांक-2 की प्रभारी उप निरीक्षक जया मुजाल्दे की टीम ने सुपर कॉरिडोर गांधीनगर क्षेत्र में गश्त के दौरान एक लाल रंग की एक्टिवा को संदेह के आधार पर रोका। वाहन की तलाशी लेने पर एक सफेद बोरे में 125 क्वार्टर देसी प्लेन एवं मसाला मदिरा बरामद हुई, जिसकी



कुल मात्रा 22.5 बल्क लीटर पाई गई। जब्त मदिरा एवं वाहन का अनुमानित मूल्य लगभग 65 हजार रुपये बताया गया है। मौके से आरोपी करण पिता राधेश्याम को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) 'क' के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में आरक्षक उस्मान मिर्जा, एलन बघेल, राहुल जामोद एवं चालक रफीक का सराहनीय योगदान रहा। इसी क्रम में वृत्त मालवा मिल 'बी' एवं छावनी क्षेत्र के प्रभारी उप निरीक्षक सुनील कुमार मालवीय की टीम ने भी अवैध मदिरा के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की। कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी प्रीति चौबे एवं आर.सी. डावर के नेतृत्व में टीम ने गश्त के दौरान एक हौंडा एक्टिवा को रोका। वाहन के फुटबोर्ड पर रखी गत्ते की पेटी की जांच करने पर उसमें 12 बोतल विदेशी व्हिस्की बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 9 बल्क लीटर थी। जब्त मदिरा एवं वाहन का अनुमानित मूल्य करीब 60 हजार रुपये आंका गया है। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) 'क' के तहत मामला दर्ज कर मदिरा एवं वाहन को जब्त किया गया। इस कार्रवाई में आरक्षक अरविंद शर्मा, विक्रम यादव, कुलदीप एवं विकास मंडलोई का विशेष योगदान रहा।

---

# बदमाशों ने कारों के कांच फोड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्प्र)

इंदौर। द्वारकापुरी इलाके में बुधवार देर रात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाते हुए करीब आधा दर्जन कारों के कांच फोड़ दिए। बताया जा रहा है कि आरोपी नशे की हालत में थे और कंबल ओढ़कर इलाके में पहुंचे थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों संदिग्धों की पहचान कर ली है और उनकी तलाश की जा रही है। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के सत्यदेव नगर, नार्थ मोहल्ला और सूर्यदेव नगर में बदमाशों ने देर रात खड़ी कारों को निशाना बनाया। सीसीटीवी फुटेज में दो युवक दिखाई दिए हैं, जो आते ही कारों पर पत्थर फेंकते नजर आ रहे हैं। भागते समय उन्होंने रास्ते में खड़ी अन्य कारों के कांच भी तोड़ दिए। करीब रात 2 बजे घटना की सूचना पुलिस को मिली, जिसके बाद बीट के जवान मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान बाबूनाथ और आरसी चौहान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी इलाके में खुद को बड़ा गुंडा बताकर लोगों में दहशत फैलाने की कोशिश करते हैं। उन पर झपटमारी जैसी वारदातों में शामिल होने के आरोप भी हैं। बताया जा रहा है कि दोनों नशे के आदी हैं। पुलिस अब दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी है और गिरफ्तारी के बाद उनका इलाके में जुलूस निकालने की तैयारी भी कर रही है।

# पिगडंबर चौराहे पर कांग्रेस का चक्काजाम

## एबी रोड पर ट्रैक्टर लगाकर रोका रास्ता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस ने इंदौर के पिगडंबर चौराहे पर किसानों के साथ चक्काजाम किया। मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता ट्रैक्टरों पर सवार होकर पहुंचे और ट्रैक्टरों को सड़क के चारों ओर खड़ा कर दिया। किसान सड़क पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और कई लोगों ने चक्काजाम को देखते हुए रास्ता बदल लिया।**



प्रदेश कांग्रेस एबी रोड के 11 जिलों में 747 स्थानों पर चक्काजाम कर रही है। इंदौर में सुबह दस बजे से ही कार्यकर्ता जुटना शुरू हो गए थे। पूर्व प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के साथ बड़ी संख्या में किसान चक्काजाम में शामिल हुए। कांग्रेस के इस चक्काजाम के कारण सड़क के दोनों ओर डेढ़ किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। हालांकि, चक्काजाम की घोषणा के मद्देनजर पुलिस ने वाहनों को छह घंटे के लिए डायवर्ट किया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि प्रदेश सरकार किसानों को राहत नहीं दे रही है। गेहूं खरीदी में अव्यवस्था को दूर नहीं किया जा रहा है। स्लॉट बुकिंग में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। प्रदर्शन में महू, राऊ, मानपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस प्रदर्शन में किसानों को शामिल करने के लिए कांग्रेस नेताओं ने गांवों में बैठकें लीं और किसानों के घर जाकर पीले चावल भी बांटे। चक्काजाम के कारण बसों में सवार यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम को देखते हुए बस चालकों ने इंजन बंद कर दिए और एसी व पंखे नहीं चलने के कारण लोग गर्मी में पसीने से परेशान होते रहे। इसके बाद यात्री बसों से बाहर निकलकर पेड़ों की छांव तलाशते रहे। आंदोलन स्थल के आसपास के होटल और रेस्टोरेंट पर भी काफी भीड़ लगी रही। चक्काजाम के दौरान एक एम्बुलेंस वहां से निकली। पुलिसकर्मियों ने उसे रॉन्ग साइड से निकालने की कोशिश की, लेकिन चौराहे पर किसानों के ट्रैक्टर खड़े होने के कारण उसे रास्ता नहीं मिल पाया। इसके बाद एम्बुलेंस मरीज को लेकर वापस लौट गई। चक्काजाम को देखते हुए पिगडंबर चौराहे पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा।


# तीन संदिग्ध बैगों से 500 रुपए के नोटों की 566 गड्डियां बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सांवेर-उज्जैन रोड पर गुरुवार सुबह पुलिस ने तीन संदिग्ध बैगों से करीब 500 रुपए के नोटों की 566 गड्डियां बरामद की हैं। बैगों में नोटों के बीच अलग-अलग रंगों के कागज भी रखे हुए थे।**

शुरुआती जांच में नोट असली जैसे दिखाई दे रहे हैं, हालांकि पुलिस ने उनकी सत्यता की पुष्टि के लिए जांच शुरू कर दी है। ग्रामीण थाना पुलिस के मुताबिक सड़क किनारे लावारिस हालत में तीन बैग पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही टीआई गिरजाशंकर महोबिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पहले से ग्रामीणों की भीड़ जमा थी। पुलिस ने जब बैग खोलकर जांच की तो ऊपर और नीचे नोटों की गड्डियां रखी मिलीं। गड्डियों को खोलकर देखने पर करीब 130 से अधिक गड्डियों में नोटों के बीच रंगीन कागज भरे हुए मिले। टीआई महोबिया के अनुसार बरामद नोटों की गिनती कराई गई, जिसकी कुल राशि करीब 2 करोड़ 83 लाख रुपए बताई जा रही है। फिलहाल नोट देखने में पूरी तरह असली लग रहे हैं, लेकिन उनकी पुष्टि के लिए विशेषज्ञ जांच कराई जा रही है।

एडीशनल एसपी महू रूपेश द्विवेदी ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 10 बजे एक किसान ने सड़क किनारे संदिग्ध बैग पड़े होने की सूचना पुलिस को दी थी।



शुरुआती जांच में सामने आया है कि गड्डियों के ऊपर लगे कुछ नोट असली हैं, जबकि नीचे नकली नोट और बीच में कागज रखे गए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और नोटों की वास्तविकता को लेकर विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि संदिग्ध परिस्थितियों में ये बैग वहां कौन छोड़कर गया। इसके लिए हाईवे के आसपास लगे सीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस को इस मामले की सूचना स्थानीय ग्रामीणों द्वारा दी गई थी।

# कंपनी कर्मचारी की चाकू मारकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बेटमा इलाके में कंपनी से ड्यूटी कर लौट रहे एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। बदमाश वारदात के बाद युवक का मोबाइल लूटकर फरार हो गए। युवक खून से लथपथ हालत में भेरूबाबा मंदिर के पास ओटले पर पड़ा मिला। पुलिस ने हत्या और लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 28 वर्षीय राहुल पुत्र चंदन सिंह पंवार निवासी ग्राम रावत के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक राहुल सोमवार दोपहर करीब 3 बजे अपनी कंपनी की ड्यूटी के लिए बुलेट बाइक MP09AK4972 से निकला था। उसकी कंपनी से रात करीब साढ़े 11 बजे छुट्टी होती थी और वह आमतौर पर रात 12 बजे तक घर पहुंच जाता था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिवार को चिंता हुई। राहुल के भाई रवि पंवार ने बताया कि उसने कई बार राहुल के मोबाइल पर कॉल किए, लेकिन फोन बंद आ रहा था। इसके बाद वह बाइक लेकर उसकी तलाश में निकला। रवि ने बताया कि सागौर कुटी रोड से होते हुए जब वह ग्राम सिंधीपुरा पहुंचा तो वहां लोगों की भीड़ लगी हुई थी। पास जाकर देखा तो राहुल भेरूबाबा मंदिर के ओटले पर गंभीर हालत में पड़ा था और उसके शरीर से खून बह रहा था। इसके बाद परिवार के लोग उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# जैन मंदिर से चोरी में मिला सुराग

## फिंगरप्रिंट से पकड़ में आया आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एरोड्रम इलाके स्थित ग्रेटर बाबा जैन मंदिर में हुई चोरी की वारदात में पुलिस को बड़ा सुराग मिला है। एफएसएल जांच में मिले फिंगरप्रिंट्स के आधार पर पुलिस ने लखन नाम के आरोपी को हिरासत में लिया है। आरोपी पहले भी चोरी के मामलों में शामिल रहा है।**



जानकारी के मुताबिक मंदिर में सोमवार को हुई चोरी के बाद जोन-1 पुलिस ने विशेष टीम गठित की थी। मौके से एफएसएल टीम ने फिंगरप्रिंट जुटाए थे, जिनका मिलान तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में पकड़े गए आरोपी लखन के रिकॉर्ड से हुआ। एरोड्रम थाना पुलिस अब तक चोरी गई मूर्तियां और सामान बरामद नहीं कर पाई है। बताया जा रहा है कि दीपक चौहान और गोलू चोरी का माल लेकर महाराष्ट्र भाग गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों की लोकेशन ट्रेस कर ली है और अब माल बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इस मामले में लखन और उसके साथी बलराम को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम महाराष्ट्र पहुंची हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि लखन और रामबाबू ने वारदात को अंजाम देने के लिए अपने साथियों दीपक चौहान, गोलू और अन्य लोगों को महाराष्ट्र से बुलाया था। चोरी के बाद आरोपी मंदिर से मूर्तियां और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए थे।पुलिस के मुताबिक लखन मूल रूप से महाराष्ट्र क्षेत्र का रहने वाला है। उसके खिलाफ तेजाजी नगर थाने में पहले से एक आपराधिक मामला दर्ज है, जबकि अन्य अपराध दूसरे राज्यों में दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस को शक है कि यही गैंग 25 लाख रुपए की एक अन्य चोरी में भी शामिल हो सकता है। हालांकि पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

# तालाबों को जल बैंक के रूप में विकसित करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम द्वारा जल संरक्षण की दिशा में नई पहल की गई है। निगम के द्वारा शहर के तालाबों को जल बैंक के रूप में विकसित किया जाएगा। इसी के चलते गुरुवार को पिपलिया पाला तालाब के गहरीकरण कार्य का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस कार्य की शुरुआत नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने की। शहर में लगातार गिरते भू-जल स्तर और बढ़ती जल जरूरतों को देखते हुए प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। निगम अधिकारियों के मुताबिक तालाब के गहरीकरण से उसकी जल संग्रहण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी जिससे भविष्य में संभावित जल संकट से निपटने में बड़ी सहायता मिलेगी। इसके साथ ही आसपास के क्षेत्रों में वाटर टेबल सुधारने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी यह परियोजना मील का पत्थर साबित होगी। शुभारंभ के अवसर पर कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने कहा कि शहर के तालाबों, जल स्रोतों और प्राकृतिक संरचनाओं का संरक्षण और संवर्धन वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता है ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पिपलिया पाला तालाब के गहरीकरण से न केवल पानी की क्षमता बढ़ेगी बल्कि वहां एक हरित वातावरण भी विकसित किया जाएगा



जो पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा। निगम का लक्ष्य इस तालाब को शहर के एक प्रमुख जल बैंक के रूप में स्थापित करना है। नगर निगम इस महत्वाकांक्षी अभियान को विभिन्न सामाजिक और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से संचालित कर रहा है। इस कार्य में भारतीय जैन संगठन इंदौर उमंग और जैन इंजीनियर्स सोसायटी ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई है। निगम कमिश्नर ने इस अवसर पर कहा कि जनभागीदारी से किए जाने वाले कार्य समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करते हैं और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान भारतीय जैन संगठन इंदौर उमंग के संतोष कुमार जैन और कार्यपालन यंत्री अश्विन जनवदे सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। संगठन के पदाधिकारियों ने जल ही जीवन का संदेश देते हुए नागरिकों से जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। तालाब के कार्य के साथ-साथ निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल स्वच्छता व्यवस्था को लेकर भी बेहद सख्त नजर आए। गुरुवार सुबह उन्होंने शहर के विभिन्न रहवासी और व्यावसायिक क्षेत्रों का सघन दौरा किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त सबसे पहले जोन क्रमांक-3 के तिलक पथ स्थित मल्हार आश्रम के पास शासकीय 15 नंबर स्कूल के पीछे बने सीटीपीटी केंद्र पहुंचे।

# डंपर के नीचे घुसी बुलेट, 2 युवक घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** नर्मदापुरम में औबेदुल्लागंज-बैतूल नेशनल हाईवे-46 पर गुरुवार शाम बड़ा हादसा टल गया। बाबई रोड चौराहे के पास फोरलेन पर एक डंपर बुलेट पर चढ़ गया, जिससे बुलेट डंपर के पहिए के नीचे दब गई। गनीमत रही कि बुलेट सवार दोनों युवक दूर जा गिरे, जिससे उनकी जान बच गई। हादसा शाम करीब 4:45 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि डंपर चालक बिना इंडिकेटर और हाथ दिए रॉन्ग साइड से सर्विस रोड की ओर मुड़ रहा था। इसी दौरान भोपाल से इटारसी जा रहे बुलेट सवार दो युवक उसकी चपेट में आ गए। अचानक डंपर मुड़ने पर बुलेट चालक ने ब्रेक लगाए, लेकिन गाड़ी कंट्रोल होने से पहले ही डंपर के नीचे जा घुसी। हादसे में इटारसी निवासी तन्मय पिता राजेंद्र सोनी का एक पैर फ्रैक्चर हो गया। वहीं दूसरे घायल पीयूष पिता सज्जन यादव (18) के घुटने में चोट आई है। घायल पीयूष ने बताया कि डंपर चालक ने न तो हाथ दिया और न ही इंडिकेटर चालू किया था। घायल तन्मय सोनी और पीयूष यादव भोपाल से इटारसी लौट रहे थे। पीयूष के पिता रेलवे कर्मचारी हैं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को उठाया और डंपर के नीचे फंसी बुलेट को बाहर निकाला। दोनों को इलाज के लिए नर्मदा अस्पताल पहुंचाया गया है।

# मदरसे के पास पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी।** सागर के सानौधा थाना क्षेत्र के ग्राम साजली में मदरसे के पास पेड़ पर युवक का शव फंदे से लटका मिला। बुधवार रात राहगीरों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाकर अस्पताल भेजा। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने परिवार वालों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम साजली में मदरसे के पास सड़क किनारे लगे पेड़ पर युवक का शव फंदे से लटका था। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान घटनास्थल के पास बाइक खड़ी मिली। बाइक की डिटेल खंगाली तो मृतक की पहचान हुई। मृतक की पहचान लीलाधर अहिरवार उम्र 29 साल निवासी घोघरा हाल निवास साजली के रूप में हुई है। परिजन ने बताया कि मृतक बुधवार सुबह घर से निकला था।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के प्रथम जत्थे को किया रवाना

# सोमनाथ हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान का है प्रतीक

### सृजन शक्ति हमेशा प्रभावी होती है विनाशकारी शक्ति से



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सोमनाथ हमारी प्राचीन विरासत, आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। सोमनाथ साक्षी है कि सृजन शक्ति हमेशा विनाशकारी शक्ति से प्रभावी होती है। सोमनाथ की प्रत्येक ईंट, भक्ति का ताप और भारत के पुनरुत्थान का गौरव कहती है।**

इतिहास में कई बार मंदिर को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया गया, लेकिन प्रत्येक विध्वंस के बाद यह मंदिर और अधिक भव्यता के साथ उठ खड़ा हुआ। सत्रह बार आक्रमण के बाद भी शाश्वत शिव यहीं विराजते हैं। मंदिर के इतिहास में वर्ष 2026 खास महत्व रखता है। एक हजार वर्ष पहले 1026 में पहली बार मंदिर पर आक्रमण हुआ था। इसी वर्ष जनवरी में आक्रमण के ठीक एक हजार वर्ष बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सोमनाथ में भव्य स्वाभिमान पर्व मनाया गया। बाबा सोमनाथ की दिव्यता और भव्यता आज भी अलौकिक और अद्वितीय है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विरासत से विकास की यात्रा जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 से 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा' के प्रथम जत्थे को रवाना कर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित यह गौरवशाली यात्रा 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अंतर्गत निकाली जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया और कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। देश की प्रमुख 21 नदियों के जल कलशों का भी पूजन-अर्चन भी किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर ढोल-धमाकों और डमरू की थाप पर उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमनाथ ज्योतिर्लिंग पर 21 नदियों का जल अर्पित करने के लिए यात्रियों को जल कलश तथा ध्वजा सौंपी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को यात्रियों ने शौर्य के प्रतीक स्वरूप त्रिशूल भेंट किया। कार्यक्रम में विधायक श्री रामेश्वर शर्मा के साथ श्री रविन्द्र यती, श्री राहुल कोठारी, अन्य जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित थे। "मध्यप्रदेश से पहली बार निकलने वाली इस विशेष यात्रा में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से 1,100 श्रद्धालुओं का दल सम्मिलित हो रहा है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु सोमनाथ की पावन धरा पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, दर्शन और आध्यात्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता करेंगे। श्रद्धा और भक्ति के इस अनूठे संगम का समापन 11 मई, 2026 को होगा, जब यह दल सोमनाथ महादेव का आशीर्वाद और सांस्कृतिक गौरव की स्मृतियां लेकर वापस लौटेगा। यह यात्रा जन-जन के मन में स्वाभिमान और श्रद्धा के भाव का संचार करेगी।

भगवान के जप, सत्संग, कीर्तन के साथ यात्रा रहेगी अविस्मरणीय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि भोपाल, उज्जैन, सीहोर, रायसेन, विदिशा, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा आदि जिलों के तीर्थयात्रियों को लेकर यह ट्रेन, 8 मई को सोमनाथ पहुंचेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ट्रेन के सभी यात्रियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति "जियो और जीने दो'' की संस्कृति है। भगवान के जप, सत्संग, कीर्तन के साथ परस्पर स्नेह और प्रेम के वातावरण में की गई यात्रा सभी भक्तों के लिए अविस्मरणीय रहेगी। हम अपने जीवन का उपयोग भाईचारे के साथ कल्याणकारी कार्यों में करें और सम्पूर्ण मानव जाति को परिवार की तरह देखते हुए जीवनयापन करें, यही भारतीय संस्कृति का मूल्य है।

# महाकाल मंदिर में लगाया सोलर रिफ्लेक्टिव पेंट: हीट प्रूफ पाथ-वे से महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं को तपती गर्मी से मिलेगी राहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच भी उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में रोजाना एक लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में भक्तों को तपती जमीन और गर्म फर्श से राहत देने के लिए मंदिर समिति ने विशेष "हीट प्रूफ पाथ-वे" तैयार कराया है। इस पाथ-वे पर सोलर रिफ्लेक्टिव पेंट का उपयोग किया गया है, जिससे जमीन कम गर्म होगी और श्रद्धालुओं के पैर नहीं जलेंगे।

मंदिर प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर और श्री महाकाल महालोक के दर्शन मार्ग पर करीब 13 हजार वर्गफीट क्षेत्र में हीट प्रूफ पाथ-वे तैयार किया गया है। यह मार्ग नीलकंठ क्षेत्र से पंचमुखी हनुमान, मानसरोवर होते हुए शंख द्वार और बड़ा गणेश मंदिर तक विकसित किया जा रहा है।



### बिना असुविधा होंगे दर्शन

मंदिर समिति के अनुसार इस विशेष पाथ-वे से श्रद्धालु तेज धूप और गर्म फर्श के बावजूद बिना असुविधा के आसानी से दर्शन कर सकेंगे। प्रवेश और निकास मार्गों पर यह व्यवस्था सबसे अधिक लाभकारी साबित होगी, जहां श्रद्धालुओं को अधिक पैदल चलना पड़ता है। गौरतलब है कि मंदिर समिति पहले से ही कई स्थानों पर कार्पेट बिछा चुकी है, लेकिन अत्यधिक गर्मी को देखते हुए अब अतिरिक्त राहत के लिए यह नया उपाय किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और आरामदायक दर्शन व्यवस्था मिल सके।

## जेल में हुआ प्यार, उम्रकैद के बाद रिहाई..

# लेडी अफसर ने कैदी रह चुके युवक से रचाई शादी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना, एजेंसी।** सतना सेंट्रल जेल की सहायक अधीक्षक फिरोजा खातून ने हत्या के मामले में सजा काट चुके धर्मेंद्र (अभिलाष) नाम के युवक से हिंदू रीति-रिवाज से शादी कर ली। 5 मई को छतरपुर जिले के लवकुश नगर में हुए इस विवाह की पूरे इलाके में चर्चा है।



अभिलाष उम्रकैद की सजा काट चुका है। करीब 4 साल पहले जेल से रिहा हुआ था। फिरोजा के मुस्लिम परिजन इस रिश्ते से नाराज थे। वे शादी में शामिल नहीं हुए। ऐसे में सतना विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष राजबहादुर मिश्रा ने सपत्नीक माता-पिता के रूप में कन्यादान कराया। इस दौरान बजरंग दल के लोग भी मौजूद थे। लवकुश नगर में दोनों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार से हुआ। शादी की खबर सामने आने के बाद सतना जेल के अधिकारियों, कर्मचारियों और कैदियों ने भी नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं दीं। यह शादी इलाके में प्रेम, सामाजिक बंधनों और धर्म से ऊपर उठकर लिए गए फैसले को लेकर चर्चा का विषय बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, सतना जेल में पदस्थापना के दौरान फिरोजा खातून वारंट इंचार्ज का काम संभाल रही थीं। उसी दौरान हत्या के मामले में सजा काट रहे अभिलाष भी जेल के भीतर वारंट संबंधी काम करते थे। इस दौरान दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई, जो धीरे-धीरे दोस्ती और फिर प्रेम संबंध में बदल गई। अभिलाष के जेल से रिहा होने के बाद दोनों ने शादी करने का फैसला लिया। अभिलाष छतरपुर जिले के चंदला का रहने वाला है। वर्ष 2007 में चंदला नगर परिषद के तत्कालीन उपाध्यक्ष कृष्णदत्त दीक्षित की हत्या कर शव जमीन में दफनाने के मामले में उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। करीब 14 साल जेल में रहने के बाद अच्छे आचरण के आधार पर उसे रिहा कर दिया गया था।

# 'पति, पत्नी और वो' का हाईवोल्टेज ड्रामा, होटल में गर्लफ्रेंड संग पकड़ा तो दोनों को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी।** मंदसौर में बुधवार रात एक होटल में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक महिला ने अपने पति को उसकी प्रेमिका के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद गुस्साई पत्नी ने परिजनों के साथ मिलकर होटल में ही पति और उसकी प्रेमिका की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। शामगढ़ निवासी 50 वर्षीय जुल्फिकार अली पिता नियामत खान अपनी 38 वर्षीय प्रेमिका, जो मंदसौर के समीप स्थित मुलतानपुरा की रहने वाली बताई जा रही है, उसके साथ नाहटा चौराहा स्थित समता पैलेस होटल में रुका हुआ था। बुधवार रात करीब 11 बजे उसकी पत्नी अपने भाई और भाभी के साथ होटल पहुंची। जैसे ही कमरे का दरवाजा खुला, पत्नी ने पति को दूसरी महिला के साथ देख आपा खो दिया और पति और उसकी प्रेमिका पर एक के बाद एक थप्पड़ बरसाना शुरू कर दिए। पत्नी ने अपनी भाभी के साथ मिलकर प्रेमिका के बाल पकड़कर उसकी जमकर पिटाई की। वहीं, पत्नी का भाई जुल्फिकार अली के साथ झूमा-झटकी करता नजर आया। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पत्नी पति की प्रेमिका को पहली मंजिल से सीढ़ियों पर घसीटते हुए नीचे तक ले गई। जुल्फिकार अली पेशे से डॉक्टर है और शामगढ़ में निजी क्लीनिक संचालित करता है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को प्रेमिका का जन्मदिन होने के कारण वह मंदसौर आया था और होटल में कमरा लिया था। जानकारी तो यह भी है कि जुल्फिकार की प्रेमिका का उसके पति से करीब छह महीने पहले तलाक हो चुका है और इस तलाक की वजह भी जुल्फिकार अली ही बताया जा रहा है।

## संपादकीय

# बेजुबानों के लिए न्याय की उम्मीद

नैशनल क्राइम रेकार्ड्स ब्यूरो ( एनसीआरबी ) ने पहली बार जानवरों के साथ क्रूरता से जुड़े मामलों को अपनी क्राइम इन इंडिया 2024 रिपोर्ट में शामिल किया है। यह डेटा प्रिवेंशन ऑफ क्रूएलिटी टू एनिमल्स एक्ट, 1960 के तहत दर्ज हुए मामलों पर आधारित है। एनसीआरबी रिपोर्ट के अनुसार 2024 में जानवरों के साथ क्रूरता के कुल 9039 मामले दर्ज किए गए। इन मामलों में 10,312 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें 10,257 (99.5 प्रतिशत) बालिग पुरुष थे। पुलिस ने 96.7% मामलों में चार्जशीट भी दाखिल की। इससे जांच के स्तर पर अच्छी कार्रवाई दिखी। इसके बावजूद में लंबित रहे। अदालतों में पहुंचे मामलों में सजा की दर 80.5% रही, जबकि महानगरों में यह आंकड़ा 93.3 प्रतिशत तक पहुंच गया। इसका मतलब है कि जिन मामलों का फैसला हुआ, उनमें ज्यादातर में पर्याप्त सबूत मिले। इसके बावजूद अदालतों में 82.2 प्रतिशत मामले अभी भी लंबित हैं। कुछ मामले 10 साल से ज्यादा समय से अटके हुए है। इससे न्याय प्रक्रिया में देरी की समस्या सामने आई है। रिपोर्ट में जानवरों की चोरी के 8,660 मामले भी दर्ज किए गए है। इनकी कुल कीमत करीब 48.8 करोड़ रुपये आंकी गई। इनमें 44.9 प्रतिशत मामलों में चोरी हुए जानवर बरामद कर लिए गए। यह संपत्ति से जुड़े अपराधों के राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। एनिमल एक्टिविस्ट और संस्थाओं के मुताबिक एनसीआरबी में यह डेटा शामिल होने के बाद अब देशभर में जानवरों के खिलाफ अपराधों की निगरानी आसान होगी और राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कार्रवाई का रेकॉर्ड रखा जा सकेगा। विशेषज्ञ का कहना है कि इससे भविष्य में बेहतर कानून और नीतियां बनाने में मदद मिलेगी। पहली बार अन्य क्राइम कैटिगिरी के साथ जानवरों पर क्रूरता के मामलों का विश्लेषण भी हो पा रहा है। अब भारत में राष्ट्रीय स्तर पर डेटा उपलब्ध होने से ऐसे मामलों के पैटर्न को समझने और अपराध रोकने के बेहतर तरीके बनाने में मदद मिलेगी। पिपल्स फॉर एनिमल्स से जुड़ी श्रीमोयी चक्रवर्ती ने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि पहली बार जानवरों के खिलाफ अपराधों को राष्ट्रीय अपराध आंकड़ों में जगह मिली है।

## महिला जगत

# मदर्स डे कब है? जानिए इसकी शुरुआत की दिलचस्प कहानी



मां और बच्चे का रिश्ता दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता माना जाता है। मां न सिर्फ बच्चे को जन्म देती है, बल्कि जीवनभर बिना किसी स्वार्थ के अपने बच्चे की देखभाल करती है। इसी प्यार और त्याग को सम्मान देने के लिए हर साल मदर्स डे मनाया जाता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इस खास दिन की शुरुआत कैसे हुई? और वह कौन था जिसने पहली बार अपनी मां के लिए यह दिन मनाया?

हर साल मई के दूसरे रविवार मदर्स डे मनाया जाता है। यह दिन मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का मौका है। आज यह पूरी दुनिया में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है, लेकिन इस दिन की नींव एक बेटी ने रखी, जिन्होंने अपनी मां के प्रति गहरे प्रेम को जाहिर करने के लिए यह दिन पहली बार मनाया।

आइए जानते हैं, 2026 में मदर्स डे कब है, इसकी शुरुआत कैसे हुई और इसके पीछे की भावुक कहानी क्या है।

इस बेटी ने मनाया पहला मदर्स डे

मदर्स डे की शुरुआत अमेरिका में हुई थी। इसे अन्ना जार्विस नाम की एक महिला ने 1908 में अपनी मां की याद में मनाया था। उनकी मां एक सामाजिक कार्यकर्ता थीं, जिन्होंने समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

### ● पहली बार कैसे मनाया गया मातृत्व दिवस ?

एना जार्विस ने अपनी मां की याद में एक चर्च में खास कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसमें उन्होंने मां के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। यही कार्यक्रम बाद में मदर्स डे की नींव बना और धीरे-धीरे यह परंपरा दुनिया भर में फैल गई।

### ● दुनिया ने अपनाया मदर्स डे

आज मदर्स डे कई देशों में अलग-अलग तारीखों पर मनाया जाता है, लेकिन ज्यादातर देशों में इसे मई के दूसरे रविवार को सेलिब्रेट किया जाता है। यह दिन मां के प्रति आभार जताने और उन्हें खास महसूस कराने का अवसर देता है। इस साल मदर्स डे 10 अप्रैल 2026 को मनाया जा रहा है।

### ● कैसे मनाएं मदर्स डे

इस दिन आप अपनी मां को गिफ्ट दे सकते हैं, उनके लिए स्पेशल खाना बना सकते हैं या उनके साथ समय बिता सकते हैं। सबसे जरूरी है उन्हें यह महसूस कराना कि वे आपके लिए कितनी खास हैं।

### ● मदर्स डे का महत्व

मदर्स डे हमें यह याद दिलाता है कि हमें अपनी मां के प्यार और त्याग की कद्र करनी चाहिए। यह दिन रिश्तों को मजबूत बनाने और भावनाओं को व्यक्त करने का बेहतरीन मौका है।

# कम बजट में मां को दें खूबसूरत साड़ी 500 से 1500 रुपये तक आएगा खर्च

मदर्स डे हर साल मां के प्रति प्यार और सम्मान जताने का खास मौका लेकर आता है। इस दिन बच्चे अपनी मां को कुछ ऐसा गिफ्ट देना चाहते हैं जो उनके चेहरे पर मुस्कान ले आए। लेकिन कई बार बजट की वजह से अच्छे विकल्प नहीं चुन पाते। अगर आप भी कम बजट में शानदार गिफ्ट की तलाश कर रहे हैं, तो साड़ी एक परफेक्ट विकल्प हो सकती है। भारतीय संस्कृति में साड़ी सिर्फ एक कपड़ा नहीं, बल्कि भावनाओं और परंपरा का प्रतीक है। हर मां को साड़ी पहनना पसंद होता है और अगर वह साड़ी उनके बच्चे की ओर से गिफ्ट में मिले, तो उसकी अहमियत और भी बढ़ जाती है। आजकल बाजार में कई ऐसी स्टाइलिश और किफायती साड़ियां उपलब्ध हैं जो दिखने में बेहद खूबसूरत हैं और कीमत भी आपकी जेब पर भारी नहीं पड़ती।

**यहां जानिए कुछ ऐसे साड़ी विकल्प जो स्टाइलिश भी हैं, ट्रेंड में भी हैं और बजट फ्रेंडली भी।**

### कॉटन साड़ी

गर्मियों के मौसम में आराम और क्लास का परफेक्ट कॉम्बिनेशन कॉटन की साड़ियां हो सकती हैं। अगर आपकी मां को आरामदायक कपड़े पसंद हैं, तो कॉटन साड़ी सबसे अच्छा विकल्प है। यह हल्की, सांस लेने योग्य और गर्मियों के लिए परफेक्ट होती है। 800 से 1500 रुपये के बीच आपको खूबसूरत प्रिंटेड कॉटन साड़ियां आसानी से मिल जाएंगी।

### सिल्क ब्लेंड साड़ी

बजट में रॉयल लुक चाहिए तो सिल्क ब्लेंड साड़ी को अपनाएं। सिल्क साड़ी हर महिला को पसंद होती है, लेकिन असली सिल्क महंगी होती है। ऐसे में सिल्क ब्लेंड साड़ी एक शानदार विकल्प है। यह दिखने में रिच लगती है और आपके बजट में आ जाती हैं। ऑनलाइन माध्यम से तो सिल्क ब्लेंड की खूबसूरत साड़ियां 500 से 1500 रुपये के बीच मिल जाती है। मदर्स डे के लिए यह एक एलीगेंट गिफ्ट हो सकता है।



### हैंडलूम साड़ी

अगर आप कुछ खास देना चाहते हैं, तो हैंडलूम साड़ी चुन सकते हैं। ये साड़ियां यूनिक होती हैं और भारतीय कला को दर्शाती हैं। हालांकि 2000-3000 रुपये में अच्छी क्वालिटी की हैंडलूम साड़ी आती हैं लेकिन कई शॉपिंग साइट्स और आनलाइन प्लेटफार्म पर हैंडलूम साड़ियां बजट में मिल सकती हैं। यह आपकी मां के लिए यादगार गिफ्ट बन जाएगी।

### जॉर्जेट साड़ी

जॉर्जेट साड़ियां हल्की और फ्लोई होती हैं, जिससे पहनने में बेहद आराम मिलता है। अगर आपकी मां को हल्की और फैशनेबल साड़ियां पसंद हैं, तो जॉर्जेट एक बेहतरीन विकल्प है। इनकी कीमत भी 300 से 1500 रुपये के बीच रहती है।

### प्रिंटेड साड़ी

प्रिंटेड साड़ी ट्रेंड में और किफायती दाम में मिल जाती हैं। आजकल फ्लोरल, एब्स्ट्रैक्ट और डिजिटल प्रिंटेड साड़ियां काफी ट्रेंड में हैं। ये साड़ियां कम कीमत में स्टाइलिश लुक देती हैं। 300-400 रुपये की कीमत में भी आपको शानदार डिजाइन मिल जाएंगे, जो गिफ्ट के लिए परफेक्ट हैं। दाम बढ़ने पर साड़ी के डिजाइन भी अपग्रेड होंगे।

New Delhi

# बंगाल, केरल-तमिलनाडु में अब केंद्रीय योजनाएं पकड़ेंगी रफ्तार; सियासी टकराव से रुकी थी योजनाएं

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सरकार बदलने के साथ ही पश्चिम बंगाल में पीएम से जुड़ी तमाम योजनाओं को अब रफ्तार मिल सकती है। ममता सरकार ने इस तरह की कई योजनाओं को अपने यहां लागू नहीं किया था। बंगाल सरकार से इसी तरह की खींचातानी के चलते जनगणना का पहला चरण भी शुरू नहीं हो पाया था। अब यह भी नई सरकार के गठन के बाद जल्द शुरू हो जाएगा। उधर, तमिलनाडु व केरल में भी केंद्र व राज्य के तमाम मुद्दों पर पहले जैसा टकराव खत्म होने या कम होने की उम्मीद जताई जा रही है।

ममता बनर्जी की सरकार ने केंद्र की आयुष्मान भारत



योजना लागू नहीं की। उसका तर्क था कि इसी तरह की योजना उनकी सरकार ने पहले से चला रखी है। पीएम किसान व पीएम आवास योजना को लेकर भी केंद्र व राज्य सरकार के बीच फंड, लाभार्थियों की वास्तविक संख्या को लेकर भी विवाद रहा है। स्कूलों के अपग्रेडिंग संबंधी पीएम श्री योजना बंगाल में सियासत की भेंट चढ़ गई। हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैली में कहा था कि पीएम नाम से केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं का टीएमसी सरकार या नाम बदल देती है या उसे पूरी तरह लागू ही नहीं करती। जैसे पीएम आवास योजना पीएम जन आरोग्य योजना आदि। तमिलनाडु ने भी पीएम श्री योजना लागू करने में आनाकानी की। इसी तरह राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) व राष्ट्रीय शिक्षा नीति का भी स्टालिन सरकार ने तीखा विरोध किया था। खास तौर पर तीन-भाषा नीति पर उसे खासा एतराज था।

Uttarpradesh

# सनकी पत्नी: मायके न भेजने पर लगाई आग

## दम घुटने से दो बेटियों की मौत



**शामली, (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के शामली के मोहल्ला आल दरमियान में मायके न भेजने से क्षुब्ध अनीता (35) ने बृहस्पतिवार सुबह खुद को आग लगा ली। वह गंभीर रूप से झुलस गई। कमरे में धुएं से उसकी बेटियां वंदना (6) और जसप्रीत (1.5) की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने आग बुझाई। अनीता की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पति-पत्नी के झगड़े के बाद महिला ने यह कदम उठाया।

मोहल्ला आल दरमियान निवासी जसविंदर उर्फ जस्सी पानीपत में सब्जी और फल बेचने का काम करता है। बृहस्पतिवार सुबह चार बजे जसविंदर पानीपत चला गया। घर पर उसकी मां ईश्वरी, पत्नी अनीता, बेटा आदी और बेटियां वंदना व जसप्रीत थी। सुबह बेटा स्कूल चला गया और मां ईश्वरी पड़ोस में चली गईं। सुबह करीब 11 बजे मोहल्लेवालों ने मकान के अंदर से धुआं निकलता देखा तो शोर मचाया व पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों की मदद से कमरे का गेट तोड़ा और आग पर पानी डालकर बुझाया।

कमरे में चारपाई पर अनीता आग से बुरी तरह झुलसी अवस्था में मिली। बराबर में बेड पर उसकी बेटी वंदना और जसप्रीत मृत अवस्था में मिलीं। फोरेंसिक टीम और एसपी एनपी सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

एसपी ने बताया कि अनीता तीन दिन पहले ही मायके से आई थी और फिर अपने मायके कंडेला जाने की जिद कर रही थी। इसे लेकर पति-पत्नी के बीच सुबह झगड़ा हुआ था।

New Delhi

# LPG डिलीवरी का नया स्कैम, OTP Share कर दिया तो 2 मिनट में खाली हो सकता है बैंक अकाउंट!

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** आपने LPG सिलेंडर बुक किया है। कुछ देर बाद कॉल आती है, "मैं HP Gas का एग्जीक्यूटिव बोल रहा हूं। आपकी बुकिंग कन्फर्म करने के लिए OTP चाहिए।" थोड़ी सी लापरवाही और OTP शेयर करते ही आपके अकाउंट से पैसे उड़ सकते हैं। दरअसल, LPG डिलीवरी का पूरा सिस्टम अब OTP और डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (DAC) पर आधारित है। DAC एक 6-डिजिट का OTP होता है, जिसे बुकिंग के बाद सीधे ग्राहक के रजिस्टर्ड मोबाइल पर भेज दिया जाता है। सिलेंडर तब तक डिलीवर नहीं होता, जब तक बॉय घर आकर यह कोड एंटर न कर दे। यह सिस्टम आम तौर पर कालाबाजारी और ब्लैक मार्केटिंग रोकने के लिए तैयार किया गया था, लेकिन अब स्कैमर्स इसे अपना हथियार बना रहे हैं। हाल ही में मिड-डे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई पुलिस के साइबर सेल ने एक नए स्कैम की चेतावनी दी है। कैसे LPG बुकिंग और डिलीवरी के लिए बने इस OTP सिस्टम का फायदा उठाकर स्कैमर्स लोगों को फंसा रहे हैं।

New Delhi

# पीड़ा से गुजरती है 7 साल की बच्ची... बोहरा मुस्लिम लड़कियों के खतना पर SC में बहस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मुस्लिमों के दाऊदी बोहरा समुदाय में छोटी बच्चियों का खतना किए जाने की प्रथा पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को बहस हुई। इस प्रथा पर सवाल उठाते हुए एक दाऊदी बोहरा महिला ने कहा कि इसके तहत बच्चियों के जननांग के एक हिस्से को काटा जाता है। इस दौरान उन्हें बेहद पीड़ा से गुजरना होता है। यह ट्रॉमा ऐसा होता है कि उन्हें पूरी जिंदगी इससे होने वाली शारीरिक और मानसिक पीड़ा से गुजरना होता है। उन्होंने कहा कि इस खतना के दौरान हजारों नसें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। महिला ने कहा कि इससे स्वास्थ्य को खतरा होता है और उनकी गरिमा से भी समझौता है।

महिला ने कहा कि इस प्रथा को तो पॉक्सो ऐक्ट के तहत अपराध घोषित किया जाना चाहिए। दाऊदी बोरा समुदाय की महिला मासूमा रानालवी की ओर से पेश वकील सिद्धार्थ लूथरा ने चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच से कहा कि खतना की यह प्रथा 7 साल की बच्चियों के साथ होती है। उन्होंने कहा कि जब 7 साल की बच्ची के साथ इसे अंजाम दिया जाता है तो फिर सहमति का तो सवाल ही नहीं उठता है। उन्होंने कहा कि बच्ची की सहमति की बात नहीं हो सकती और उसके परिजन सामाजिक दबाव में रहते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यदि वे विरोध करेंगे तो उनके सामाजिक बहिष्कार का खतरा रहता है। लूथरा ने कहा कि परिजन चुप रहते हैं क्योंकि यदि उनका बहिष्कार हुआ तो फिर वे ऐसी स्थिति में आ जाते हैं, जहां उनको समाज से बॉयकॉट झेलना पड़ता है। समाज के साथ उनके आर्थिक और सामाजिक रिश्ते खत्म हो जाते हैं। लूथरा ने कहा कि इस विषय को भले ही सामाजिक प्रथा कहा जा रहा है।

खेल

# घर में पांच मैचों में हार के बाद लखनऊ की पहली जीत, मिचेल मार्श के बाद प्रिंस और शाहबाज चमके

**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ सुपर जाएंट्स ने गुरुवार को खेले गए आईपीएल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को नौ रन से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में बारिश से प्रभावित इस मुकाबले को 19-19 ओवर का किया गया। डकवर्थ-लुईस (डीएलएस) नियम के तहत आरसीबी को 213 रन का संशोधित लक्ष्य मिला, लेकिन टीम 19 ओवर में छह विकेट पर 203 रन ही बना सकी। एलएसजी की यह मौजूदा सीजन में तीसरी जीत रही, जबकि आरसीबी को चौथी हार झेलनी पड़ी।



लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत बेहद खराब रही। जैकब बेथेल केवल चार रन बनाकर मोहम्मद शमी का शिकार बने। इसके बाद प्रिंस यादव ने शानदार गेंद पर विराट कोहली को खाता खोले बिना पवेलियन भेज दिया। कोहली 46 पारियों के बाद आईपीएल में शून्य पर आउट हुए।

दो विकेट महज नौ रन पर गिरने के बाद कप्तान रजत पाटीदार और देवदत्त पडिक्कल ने टीम को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 53 गेंदों में 95 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। पडिक्कल ने 25 गेंदों में 34 रन बनाए, जबकि पाटीदार ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 31 गेंदों पर 61 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और छह छक्के लगाए। हालांकि, इसके बाद आरसीबी लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती रही। जितेश शर्मा एक बार फिर प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे और सिर्फ एक रन बना सके।

निचले क्रम में टिम डेविड ने तेजतर्रार बल्लेबाजी करते हुए 17 गेंदों में 40 रन बनाए, जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल रहे। क्रुणाल पांड्या ने 16 गेंदों में नाबाद 28 रन बनाए, जबकि रोमारियो शेफर्ड 15 गेंदों पर 23 रन बनाकर नाबाद लौटे। इसके बावजूद आरसीबी लक्ष्य से नौ रन दूर रह गई। एलएसजी की ओर से प्रिंस यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 33 रन देकर तीन विकेट झटके। शाहबाज अहमद ने दो विकेट हासिल किए, जबकि मोहम्मद शमी को एक सफलता मिली।

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए एलएसजी ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 209 रन बनाए। मिचेल मार्श ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 56 गेंदों में 111 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में नौ चौके और नौ छक्के जड़े। मार्श ने युवा बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी के साथ पहले विकेट के लिए 95 रन जोड़े। अर्शिन 17 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद निकोलस पूरन ने 23 गेंदों में 38 रन की तेज पारी खेली और मार्श के साथ दूसरे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी की। अंतिम ओवरों में कप्तान ऋषभ पंत ने 10 गेंदों में नाबाद 32 रन ठोककर टीम को 200 के पार पहुंचाया।

सिनेमा

# रजनीकांत की पॉलिटिकल ताकत के आगे झुकेंगे CM बनने वाले विजय? बिना राजनीति सत्ता पलट चुके हैं थलाइवा



तमिलनाडु में सिनेमा और पॉलिटिक्स इतने ज्यादा जुड़े हुए हैं कि कई मौकों पर दोनों में फर्क करना मुश्किल हो जाता है. तमिल सिनेमा के सुपरस्टार थलपति विजय का चुनाव जीतना और मुख्यमंत्री बनने के करीब पहुंचना, एक बार फिर से इस फर्क को कम कर रहा है. अपनी फिल्मों में लगातार सोशल और पॉलिटिकल मैसेज शेयर करते आ रहे विजय अब खुद तमिलनाडु की राजनीति के केंद्र में हैं. इससे उनके वो करोड़ों फैन्स भी उत्साह में हैं जिन्होंने उन्हें राजनीतिक मंच तक पहुंचाया है. और फिल्म स्टारों को पूजने का कल्चर शुरू करने वाली तमिल इंडस्ट्री में फैन्स का उत्साह कुछ नई खुराफात न छेड़ दे, ये कैसे हो सकता है! तो विजय की जीत के बाद से उनके कुछ फैन्स सोशल मीडिया पर 'थलाइवा' रजनीकांत को टारगेट करने लगे हैं, जिन्हें तमिल सिनेमा का सबसे बड़ा सुपरस्टार माना जाता है. लेकिन खुद कभी पॉलिटिक्स में डायरेक्ट न उतरने वाले रजनीकांत की पॉलिटिकल ताकत क्या कर सकती है, इसकी रियल कहानी किसी ब्लॉकबस्टर से कम नहीं है. रजनीकांत करीब पांच दशक से तमिल सिनेमा के सबसे बड़े सुपरस्टार रहे हैं. कमल हासन को सिनेमा के व्याकरण का उस्ताद होने के नाते सम्मान दिया जाता है. मगर रजनीकांत तमिल सिनेमा के बिजनेस को लगातार दौड़ाने वाले इंजन की तरह रहे हैं. मगर 2000 के दशक से ही विजय भी सुपरस्टार बनकर उभरे हैं.

## Highlights

1. **TVK supporters storm Lok Bhavan after Guv sends Vijay back twice**
2. **Why were non-veg dishes left out of 'One District One Cuisine' list in UP?**
3. **Car used in killing of Adhikari's assistant purchased through OLX: Report**
4. **India responds to B'desh's warning over pushback of illegal immigrants after BJP's WB win**
5. **Congress facing internal rift in choosing Kerala CM as 3 contenders emerge: Report**

# Pronto Extends Series B to $45 Million at $200 Million Valuation, Doubling Its Valuation in a Month

**NEW DEIHI, (Agency).** Pronto, the instant household services platform, today announced the close of its $45 million Series B, with Lachy Groom, co-founder of AI robotics company Physical Intelligence and an early backer of Zepto, joining the round with a $20 million investment. The new investment values Pronto at $200 million, doubling its valuation in about a month.



Since closing the first tranche of the Series B funding a month ago, Pronto has scaled its daily bookings to 26,000, up from about 18,000. More professionals have joined the platform. Its team has grown from 1,440 in January to 6,500 trained, background-verified Pros over four months.

The business is running at over 65% utilization, reflecting strong demand density and improving operational efficiency at scale.

"Organizing informal labor is going to be one of the defining shifts of the next decade in services. It is also one of the harder problems in the consumer economy. The work of the last year has been about that. The longer-term vision of Pronto is to be the world's largest labor organization platform," said Anjali Sardana, Founder and CEO of Pronto.

In urban India, finding help to run a home still happens almost entirely through word of mouth. Households rely on neighbours and building WhatsApp groups, and there is no real guarantee the person they hire actually shows up the next day. The workers, most of them women, are dealing with the same broken system from the other side. They work without contracts or reliable income, and when something goes wrong on a job, there is usually no one to call.

Pronto was built so neither side has to live with that. Households get Pros who are trained and background-verified, and who turn up when they say they will. The Pros get steady hours and pay that arrives on schedule.

# 6500 Families To Get Rs 2 Crore Each For Pune's New Airport

**NEW DEIHI, (Agency).** The proposed Chhatrapati Sambhajiraje International Airport at Purandar near Pune has reached a major milestone as the Maharashtra government finalized compensation rates for land acquisition across seven villages in the region. More than 6,500 families are expected to benefit from the compensation package, with some landowners likely to receive close to ₹2 crore per acre.



The ambitious airport project is expected to become Pune's second international airport and a major economic catalyst for western Maharashtra.

Compensation Fixed At ₹1.61 Crore Per Acre

According to officials, the base compensation rate for acquired land has been fixed at approximately ₹1.61 crore per acre. However, the actual payout for many farmers may rise further after including compensation for:

Houses and structures

Fruit trees

Wells and borewells

Pipelines and irrigation systems

Sheds and farm infrastructure

Authorities stated that many landowners could ultimately receive around ₹2 crore per acre on average once all additional assets are evaluated.

Seven Villages To Be Affected

The airport project will require acquisition of nearly 1,216 hectares of land spread across seven villages in Purandar taluka:

Vanpuri, Udachiwadi, Kumbharvalan, Ekhatpur, Pargaon, Munjvadi, Khanvadi

Officials said around 1,300 survey numbers are involved in the acquisition process. The administration has formed dedicated teams to handle documentation and compensation distribution in each village.

Extra Benefits Beyond Cash Compensation

Apart from direct land compensation, the government has announced several rehabilitation and support measures for affected families. These reportedly include:

लोकायुक्त ने किया गिरफ्तार

# लैब में मरीज भेजने के बदले तीन डॉक्टरों ने 50 प्रतिशत कमीशन लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर की लोकायुक्त टीम ने बड़वानी पहुंचकर तीन डॉक्टरों को रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी राजपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ हैं। तीनों डॉक्टरों ने लैब मैनेजर से मरीज भेजने के बदले 50 प्रतिशत कमीशन मांगा। मैनेजर ने कहा कि इतना कमीशन कोई नहीं लेता, लेकिन तीनों डॉक्टर अड़े रहे। इसके बाद मैनेजर ने इसकी शिकायत लोकायुक्त विभाग से की। अफसरों ने कमीशन की राशि को घूस की श्रेणी में माना और तीनों को गिरफ्तार कर लिया। राजपुर में रहने वाले अदनान अली के पिता फरहत अली की



लैब है। अदनान लैब मैनेजर है। सरकारी और निजी अस्पतालों के मरीजों को डॉक्टर रेफर करते थे। स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल अफसर अमित शाक्य, डॉ. दिव्या सांई और चिकित्सा अधिकारी मनोहर गोदरा मरीज भेजने के बदले 20 प्रतिशत कमीशन लेते थे, लेकिन तीनों ने लामबंद होकर कमीशन की राशि बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दी। शिकायतकर्ता को यह बात नागवार गुजरी। मरीज भेजने के एवज में शिकायतकर्ता ने आठ हजार, पांच हजार और 12 हजार रुपये लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। जैसे ही उसने तीनों डॉक्टरों को नोटों की गड्डी दी और केंद्र के बाहर आरोपियों को पकड़ने के इंतजार में खड़ी टीम को इशारा किया, तो तीनों डॉक्टरों के होश उड़ गए। उन्होंने कहा कि हमने रिश्वत नहीं ली, यह तो कमीशन है, लेकिन अफसरों ने भी इसे घूस की श्रेणी में माना और तीनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा-7 एवं बीएनएस 2023 की धारा 61(2) के अंतर्गत केस दर्ज कर गिरफ्तार किया।

## तेज रफ्तार कार पलटी मकान में घुसी

**इंदौर।** राऊ इलाके में बुधवार रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार सड़क किनारे स्थित एक मकान के सामने के हिस्से में जा घुसी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। गनीमत रही कि कार मकान के बाहर ही रुक गई, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे में कार चला रहे युवक को मामूली चोट आई है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद युवक कार छोड़कर मौके से चला गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को सीधा कर थाने पहुंचाया और वाहन जब्त कर लिया है।

## शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में छात्राओं के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इंदौर जिले के शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के सभी विभागों में एआईसीटीई एवं काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर से संबंध डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता कक्षा दसवीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। वर्तमान में संस्थान में चार इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, फैशन टेक्नोलॉजी, आर्किटेक्चर एंड इंटीरियर डिजाइन एवं होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी संचालित किया जा रहे हैं। इन सभी पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, आयुक्त तकनीकी शिक्षा संचालनालय भोपाल द्वारा ऑनलाइन आयोजित की जा रही है। प्रथम चरण हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 29 मई 2026 है एवं इच्छित संस्था में चॉइस फिलिंग की अंतिम तिथि 02 जून 2026 है। संस्था प्राचार्य श्रीमती विजया शिंदे द्वारा बताया गया कि यह इंदौर जिले का एकमात्र शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय है जो की न्यूनतम शिक्षण शुल्क रुपए 10 हजार रुपये मात्र प्रतिवर्ष पर छात्राओं को विभिन्न रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया जाता है। छात्राओं के व्यावसायिक एवं रचनात्मक विकास हेतु संस्था द्वारा समय-समय पर एक्सपर्ट लेक्चर, इंडस्ट्री विजिट, वर्कशॉप, इंटर्नशिप एवं सेमिनार का आयोजन किया जाता है। सर्वसुविधा युक्त एवं आधुनिक उपकरणों से लैस विभिन्न प्रयोगशालाओं द्वारा छात्राओं को प्रायोगिक ज्ञान प्रदान कराया जाता है। सभी विभागों की अंतिम वर्ष की छात्राओं हेतु प्रतिवर्ष ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा विभिन्न कंपनियों में छात्राओं का प्लेसमेंट कराया जाता है जिस कारण से विगत कई वर्षों में छात्राओं का डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की ओर रुझान बढ़ा है। प्राचार्य द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि महाविद्यालय में प्रवेशित छात्राओं को राज्य एवं केंद्रीय सरकार द्वारा संचालित समस्त छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ दिया जाता है तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति की छात्राओं को स्टेशनरी एवं विशेष कक्षाओं का अतिरिक्त लाभ भी प्रदान किया जाता है। साथ ही संस्था परिसर में 100 छात्रों के रहने के लिए सुविधाजनक छात्रावास की व्यवस्था भी है।

## दो कारों की भीषण टक्कर

● एक युवक घायल, कार से मिला नशे का सामान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पलासिया चौराहा पर बुधवार देर रात दो कारों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त कारों को जब्त कर लिया है। शुरुआती जांच में एक कार से नशे में इस्तेमाल होने वाला सामान भी मिला है। एसीपी खजराना कुंदन मंडलोई ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब व्हाइट चर्च चौराहे की ओर से आ रही एक कार को रीगल की तरफ जा रही दूसरी कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि एक कार सड़क पर घूम गई। सूचना मिलते ही बीट पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे में महेश्वर निवासी विनायक और उसका साथी घायल हुए हैं। विनायक को उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक एक कार की तलाशी के दौरान गोगो पेपर सहित नशे में उपयोग होने वाला अन्य सामान मिला है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि टक्कर मारने वाली कार में सवार युवक नशे की हालत में थे। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## युवती से घर जाते वक्त छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लसूड़िया मे एक 15 साल की लड़की से छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। पीड़िता की शिकायत पर उसके पिता जब आरोपी से बात करने पहुंचे तो उसने फावड़े से हमला कर दिया। बाद मे बचाव करने गए चाचा के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने बुधवार रात एफआईआर की है। लसूड़िया पुलिस ने बताया कि एक नाबालिक लड़की के पिता की शिकायत पर अतुल पुत्र कैलाश जामले के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। बुधवार शाम पीड़िता अपने घर की तरफ जा रही थी। तब आरोपी ने उसे अश्लील इशारे किए पीड़िता ने यह बात अपने पिता को बताई। जब पिता आरोपी के घर पहुंचे तो उसने मारपीट शुरू कर दी। वहीं फावड़ा उठाकर सिर और पीठ पर मार दिया। आवाज सुनकर पीड़िता के चाचा बचाव करने पहुंचे तब आरोपी अतुल ने उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस मामले मे जांच कर रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक